तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राजूराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, कुडी भगतासनी)** **सू.अ. अपील संख्या 59/2023**	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08/04/2024	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 560, मंगल नगर, गुढा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.11.2023 को (1) तहसील कुडी भगतासनी कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों की सूची मय कार्य आवंटन के अर्थात कार्मिकों की कार्य संस्थापन सूची व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) से जरिये पत्रांक 136 दिनांक 23.02.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना एवं सूचना नही देने की स्थिति में स्पष्टीकरण से कार्यालय के पत्रांक 892 दिनांक [illegible].11.2023 के जरिये उपलब्ध करवा दी गई है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:20:13 IST
Reason: SelfAttested